दिनांक : 22.05.2025
राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं : 02

रात 12.30 बजे तक

# आईपीएल मुकाबले के लिए आज मेट्रो ट्रेन का समय बढ़ाया

**अहमदाबाद.** शहर में मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर गुरुवार को आईपीएल के तहत गुजरात टाइटंस (जीटी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच मुकाबला होगा। इस मैच के मद्देनजर गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने अहमदाबाद और गांधीनगर में मेट्रो ट्रेन सेवा के समय को बढ़ाने की घोषणा की है। जीएमआरसी के अनुसार मैच के दिन मेट्रो सेवाएं नियमित समय से ज्यादा रात 12.30 बजे तक चलेंगी। विस्तारित अवधि के दौरान यात्रियों को केवल मोटेरा स्टेडियम मेट्रो स्टेशन और साबरमती मेट्रो स्टेशन से अहमदाबाद और गांधीनगर मेट्रो लाइनों पर किसी भी चालू स्टेशन तक विशेष पेपर टिकट का उपयोग करके यात्रा करने की अनुमति होगी। यात्रा की सुविधा के लिए जीएमआरसी ने आईपीएल मैच के दिन वापसी यात्रा के लिए एक विशेष पेपर टिकट पेश किया है। इसका प्रति व्यक्ति 50 रुपए किराया होगा।